# मध्यप्रदेश विधान सभा

## मार्च, 2025 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## सोमवार, दिनांक 17 मार्च, 2025 (फाल्गुन 26, 1946)

## समय 11.00 बजे दिन.

### 1. प्रश्नोत्तर.

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना.

(1) **श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त),** भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के खण्ड (2) की अपेक्षानुसार-

(क) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का स्थानीय निकाय पर प्रतिवेदन 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए मध्यप्रदेश शासन 2024 का प्रतिवेदन संख्या-9 (स्थानीय शासन) एवं

(ख) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए मध्यप्रदेश शासन 2024 का प्रतिवेदन संख्या-10 (अनुपालन लेखापरीक्षा-सिविल) तथा

(ग) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का भवन और अन्य संनिर्माण कर्मकारों के कल्याण पर प्रतिवेदन 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु मध्यप्रदेश शासन 2024 का प्रतिवेदन संख्या-11 (निष्पादन लेखापरीक्षा-सिविल) पटल पर रखेंगे.

(2) **श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री,** मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल (संशोधन) अधिनियम, 1972 की धारा 74 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2020-2021 पटल पर रखेंगे.

(3) **श्री प्रहलाद सिंह पटेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री,** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (क्रमांक 42 सन्, 2005) की धारा 12 की उपधारा (3) (च) की अपेक्षानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम-म.प्र. की वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2023-2024 पटल पर रखेंगे.

(4) **श्री उदय प्रताप सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री,** भारत सरकार की गाईड लाईन के बिन्दु क्रमांक-2 के उप बिन्दु (7) की अपेक्षानुसार समग्र शिक्षा अभियान मध्यप्रदेश के वित्तीय वर्ष 2023-2024 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं अंकेक्षित लेखे पटल पर रखेंगे.

(5) **श्री नारायण सिंह कुशवाह, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री,** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (क्रमांक 49 सन् 2016) की धारा 83 की उपधारा (2) के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा बनाये गये नियम की कंडिका 56 की उप कंडिका (1) की अपेक्षानुसार आयुक्त, नि:शक्तजन, मध्यप्रदेश का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-2023 एवं वर्ष 2023-2024 पटल पर रखेंगे.

(6) **श्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री,** -

(क) मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 47 की अपेक्षानुसार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का 52 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024 एवं

(ख) महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2006 (क्रमांक 15 सन् 2008) की धारा 43 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) **श्री लखन घनघोरिया, सदस्य,** जबलपुर जिले के ग्राम टिमरी में हत्याएं होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्री रामेश्वर शर्मा, सदस्य,** भोपाल जिले के फंदा में स्वीकृत महाविद्यालय के भवन का निर्माण न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 4. याचिकाओं की प्रस्तुति.

(1) **श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम मौहारी से कुड़ई-गुमानगंज तक पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने,

(2) **श्री नारायण सिंह पट्टा, सदस्य,** मंडला जिले के गाम गरैया, गजराज एवं सुरैहली शास. हाई स्कूलों का भवन निर्माण कराये जाने,

(3) **श्री मुकेश मल्होत्रा, सदस्य,** श्योपुर जिले के कराहल-करियादेह सड़क मार्ग भोटीपुरा से चक्क बीलेंडी होते हुए रामनगर गंगाराम सहराना तक प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कराये जाने,

(4) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले की ग्राम पंचायत कलाल्दा में बेचकुआ एवं बालीपुर तक उपड़ी तालाब की नहर को कंक्रीट (पक्की) नहर का निर्माण कराये जाने,

(5) **श्री सुरेश राजे, सदस्य,** ग्वालियर जिले के डबरा अंतर्गत वार्ड क्र. 22 में सी.सी. रोड का निर्माण कराये जाने,

(6) **श्री फूलसिंह बरैया, सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम भिटारी से इमिलिया तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(7) **सुश्री रामश्री राजपूत (बहिन रामसिया भारती), सदस्य,** छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत अंधियारा में मेन रोड से मंगल भवन होते हुए शांतिधाम तक सी.सी. रोड का निर्माण कराये जाने,

(8) **श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य,** पन्ना जिले की तहसील सिमरिया में डबल लॉक खाद वितरण केन्द्र खोले जाने,

(9) **श्री राजेन्द्र भारती, सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम काली पहाड़ी से भागोर होते हुए चोका सिमरा रोड तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(10) **श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी, सदस्य,** खरगोन जिले के भीकनगांव अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अवल्यमाल का भवन निर्माण कराये जाने,

(11) **श्री विश्वनाथ सिंह "मुलाम भैया", सदस्य,** नरसिंहपुर जिले के तेन्दूखेड़ा से गाडरवारा मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने,

(12 ) **श्री नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,** निवाड़ी जिले के ग्राम भेलसी होते हुए टोड़ी जेरोन सिमरा होते हुए बैरागढ़, कोयलने, टोडी तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(13) **श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य,** कटनी जिले के ग्राम बचैया से हथियागढ़ के मध्य मुहारे घाट पर काजवे कम स्टॉप डेम का निर्माण कराये जाने,

(14) **श्री विक्रम सिंह (विक्की), सदस्य,** सतना जिले की ग्राम पंचायत बांधा में बड़ी गौशाला का निर्माण कराये जाने,

(15) **श्री मथुरालाल डामर, सदस्य,** रतलाम जिले के ग्राम बांगरोद में हाई सेकेण्ड्री स्कूल का भवन निर्माण कराये जाने,

(16) **श्री दिनेश जैन बोस, सदस्य,** उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत गोगापुर (म. रोड) में खेल मैदान का निर्माण कराये जाने,

(17) **श्री सचिन सुभाषचंद्र यादव, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम रामपुरा से सिपटान व्हाया शाला भवन तक प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कराये जाने,

(18) **डॉ. सतीश सिकरवार, सदस्य,** ग्वालियर जिले के वार्ड क्र.23 में कबीर आश्रम से अम्बेडकर मौहल्ला होते हुए मुरार तक पक्के नाले का निर्माण एवं पटाव काराये जाने,

(19) **डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य,** रतलाम जिले के आंबा व उम्मेदपुरा में आवासीय विद्यालय या छात्रावास की स्वीकृत प्रदान करने,

(20) **श्री कैलाश कुशवाह, सदस्य,** शिवपुरी जिले की ग्राम पंचायत सालौदा में प्रहलाद के घर से गिर्राज के घर तक सी.सी. सड़क का निर्माण कराये जाने,

(21) **श्री देवेन्द्र रामनारायण सखवार, सदस्य,** मुरैना जिले की नगर पालिका परिषद पौरसा के शहरी क्षेत्र में सीवर लाईन डलवाये जाने,

(22) **श्री केदार चिड़ाभाई डाबर, सदस्य,** खरगोन जिले की नगर पंचायत बिस्टान (गोगांवा) में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन करने,

(23) **श्री राजन मण्डलोई, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम बमनाली में डाबर फलिया से कुण्डी फल्या तक सी.सी. रोड निर्माण कराये जाने,

(24) **श्रीमती मनीषा सिंह, सदस्य,** शहडोल जिले के हर्री से सिंहपुर स्टेशन तक पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(25) **श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य,** अनूपपुर जिले में संचालित आयुर्वेदिक औषधालयों का उन्नयन कर नवीन भवनों का निर्माण कराये जाने,

(26) **श्री कामाख्या प्रताप सिंह, सदस्य,** छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत नुना में दीपू पटेल के मकान से मेन रोड तक सी.सी. रोड का निर्माण कराये जाने,

(27) **श्रीमती अनुभा मुंजारे, सदस्य,** बालाघाट जिले की वि.स. क्षेत्र-111 के अंतर्गत सब-स्टेशन (पावर हाऊस) की क्षमता में वृद्धि करने,

(28) **श्री मोन्टू सोलंकी, सदस्य,** बड़वानी जिले की ग्राम पंचायत पिसनावल फाटे से सादड़िया फल्या होते हुए टेमला तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(29) **श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य,** छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम चांदामेटा मुख्य मार्ग सेन्ट्रल स्कूल से नागलवाड़ी तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(30) **श्री बाला बच्चन, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम घुसगांव से नागलवाड़ी खुर्द तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(31) **श्री राजेश कुमार वर्मा, सदस्य,** पन्ना जिले के गुनौर अंतर्गत अमानगंज को जनपद पंचायत (ब्लाक) बनाये जाने,

(32) **श्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल, सदस्य,** धार जिले के ग्राम बोडगांव से उडालागांव तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(33) **श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सदस्य,** अनूपपुर जिले के ग्राम सराईटोला में नया ट्रांसफार्मर की स्थापना कराये जाने,

(34) **डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य,** हरदा जिले के ग्राम सांगवामाल से सारसूद तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(35) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के सरदारपुर अंतर्गत ग्राम कुशलपुरा में भडकला नाले पर सिंचाई हेतु तालाब का निर्माण कराये जाने,

(36) **श्री केशव देसाई (जाटव), सदस्य,** रीवा जिले के ग्राम सुरसा खुर्द में ट्रांसफार्मर लगाये जाने,

(37) **इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य,** सागर जिले के नरयावली टप्पा तहसील को तहसील का दर्जा दिलाये जाने,

(38) **श्री साहब सिंह गुर्जर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के ग्राम मैथाना (जहांगीरपुर) वार्ड क्र.-62 में सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कराये जाने,

(39) **श्री श्याम बरड़े, सदस्य,** बड़वानी शहर के पानसेमल अंतर्गत वार्ड क्र.07, 14 एवं 15 में आई.आई.टी. इन्दौर से स्थल निरीक्षण कराकर रिटर्निंग वॉल का निर्माण कराये जाने,

(40) **श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के नगर बल्देवगढ़ में पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(41) **श्री पंकज उपाध्याय, सदस्य,** मुरैना जिले के ग्राम बुरावली से काशीपुर तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(42) **श्री रजनीश हरवंश सिंह, सदस्य,** सिवनी जिले के केवलारी एवं छपारा में शास. महाविद्यालयों का उन्नयन व बालक/बालिका छात्रावास का निर्माण कराये जाने,

(43) **श्री महेन्द्र रामसिंह यादव (खतौरा), सदस्य,** शिवपुरी जिले के कोलारस में पाडौदा से सालौदा तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(44) **श्री दिनेश गुर्जर, सदस्य,** मुरैना जिले के ग्राम सीतापुर में पटेल का पुरा से सिद्धबाबा मंदिर तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(45) **श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य,** शिवपुरी जिले के करैरा अंतर्गत नरवर किले में जाने हेतु सड़क का निर्माण कराये जाने,

(46) **श्री अनिल जैन (निवाड़ी), सदस्य,** निवाड़ी नगर में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैण्ड, पार्क एवं तालाबों का सौंदर्यीकरण कराये जाने,

(47) **श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, सदस्य,** मैहर नगर में प्रजापति समाज के लिये सामुदायिक भवन का निर्माण कराये जाने,

(48) **श्री कमलेश्वर डोडियार, सदस्य,** रतलाम जिले के सैलाना अंतर्गत बाजना में नवीन कृषि महाविद्यालय खोले जाने,

(49) **श्री अरविन्द पटैरिया, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम पठा में नवीन बिजली उपकेन्द्र (पावर हाऊस) स्थापित कराये जाने,

(50) **श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, सदस्य,** सीहोर जिले के आष्टा अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुरा में सी.सी. रोड मय पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(51) **श्री दिनेश राय 'मुनमुन', सदस्य,** सिवनी जिले के ग्राम दरबई से पिपरिया तक मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(52) **श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य,** दतिया जिले के सेवढ़ा अंतर्गत राजा का बाग इंदरगढ़ माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन करने,

(53) **श्री विवेक (विक्की) पटेल, सदस्य,** बालाघाट जिले के वारासिवनी अंतर्गत ग्राम गुनई में स्टाप डेम का निर्माण कराये जाने,

(54) **श्री मधु भगत, सदस्य,** बालाघाट जिले के परसवाड़ा में जनपद कार्यालय का भवन निर्माण कराये जाने,

(55) **श्री अभिजीत शाह (अंकित बाबा), सदस्य,** हरदा जिले के सिराली-हरदा को जोड़ने वाले 'रोलगांव' पुल का निर्माण कराये जाने,

(56) **श्री प्रदीप पटेल, सदस्य,** मऊगंज जिले के गौरी शास. अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम शाला का भवन निर्माण कराये जाने,

(57) **श्री मोहन सिंह राठौर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के भितरवार अंतर्गत दौलतपुर-रिझौरा मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(58) **श्री सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, सदस्य,** सतना जिला मुख्यालय में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना कराये जाने,

(59) **श्री अभय मिश्रा, सदस्य,** रीवा जिले के सेमरिया में संत रविदास के नाम से सामुदायिक/मांगलिक भवन का निर्माण कराये जाने,

(60) **डॉ. अभिलाष पाण्डेय, सदस्य,** जबलपुर शहर के कछपुरा अंतर्गत गणेश मंडपम् से स्कीम नं. 41 से जीरो डिग्री के बड़े नाले का निर्माण कराये जाने,

(61) **श्री अमर सिंह यादव, सदस्य,** राजगढ़ जिले के नगर खुजनेर में मॉडल स्कूल की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कराये जाने तथा

(62) **श्री हेमन्त सत्यदेव कटारे, सदस्य,** भिण्ड जिले के मजरा काछियन का पुरा में शास. प्रा. शाला एवं रहवासियों के लिये पृथक से विद्युत लाईन, ट्रांसफार्मर लगाये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 5. शासकीय विधि विषयक कार्य.

**श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री,** मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक, 2025 (क्रमांक 3 सन् 2025) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

## 6. वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा .... (क्रमश:).

निर्धारित समय

## 7. वर्ष 2024-2025 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान की मांगों पर मतदान.

1 घण्टा

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त)**, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे –

"दिनांक 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या 6, 9, 10, 11, 12, 13, 16, 17, 18, 20, 22, 23, 24, 30, 31, 33, 35, 39, 43, 44, 47, 48, 49, 50 एवं 54 के लिए राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर अठारह हजार सात सौ छह करोड़, अठावन लाख, तिहत्तर हजार, चार सौ सैंतालीस रुपये की अनुपूरक राशि दी जाये.".

## 8. वित्तीय विधि विषयक कार्य.

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त),** मध्यप्रदेश विनियोग विधेयक, 2025 (क्रमांक 1 सन् 2025) का *पुर:स्थापन करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

## 9. वर्ष 2025-2026 की अनुदानों की मांगों पर मतदान.

| | | |
|---|---|---|
| (1) | मांग संख्या – 1 | सामान्य प्रशासन |
| | मांग संख्या – 2 | विमानन |
| | मांग संख्या – 3 | गृह |
| | मांग संख्या – 4 | पर्यावरण |
| | मांग संख्या – 5 | जेल |
| | मांग संख्या - 10 | वन |
| | मांग संख्या – 11 | औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन |
| | मांग संख्या – 21 | लोक सेवा प्रबंधन |
| | मांग संख्या – 25 | खनिज साधन |
| | मांग संख्या – 29 | विधि और विधायी कार्य |
| | मांग संख्या – 32 | जनसंपर्क |
| | मांग संख्या – 41 | प्रवासी भारतीय |
| | मांग संख्या – 46 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी |
| | मांग संख्या – 48 | नर्मदा घाटी विकास |
| | मांग संख्या – 52 | आनंद. |
| (2) | मांग संख्या – 19 | लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा. |

ए. पी. सिंह
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 16 मार्च, 2025

*अनुपूरक मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.